B.A. S.Y. (New CBCS Pattern) Semester - III

BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 3 | GUG/S/23/10058

Time : Three Hours | Max. Marks : 80

सुचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित प्रश्न में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए। **20**

अ) दौड़ उपन्यास की कथावस्तु लिखिए।

अथवा

आ) एक ऐतिहासिक मुकाम को दर्ज करनेवाली, तरल आवेगों और गहरे मानवीय संस्पर्श से बुनी हुई कथा है 'दौड़' - इस कथन की विवेचना कीजिए।

2. निम्नलिखित **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

समूह 'क'

क) जब आप अपना शहर छोड़ देते हैं, अपनी शिकायतें भी वहीं छोड़ आते हैं। दूसरे शहर का हर मंजर पुरानी यादों को कुरेदता है। मन कहता है ऐसा क्यों है? वैसा क्यों नहीं है? हर घर के आगे एक अदद टाटा सुमों खड़ी हैं। मारुति 800 क्यों नहीं? तर्क शक्ति से किया जा सकता है कि यह परिवार की जरुरत और आर्थिक हैसियत का परिचय पत्र है।

ख) दरअसल बाजार में दिन पर दिन स्पर्धा कड़ी होती जा रही थी उत्पादन, विपणन और विक्रय के बीच तालमेल बैठाना दुष्कर कार्य था। एक-एक उत्पाद की टक्कर में बीस-बीस वैकल्पिक उत्पाद थे। इन सबको श्रेष्ठ बताते विज्ञापन अभियान थे जिनके प्रचार-प्रसार से मार्केटिंग का काम आसान की बजाय मुश्किल होता जाता। उपभोक्ता के पास एक-एक चीज के कई चमकदार विकल्प थे।

ग) कॉलोनी में कमोवेश सभी की यह हालत थी। इस बुढ्ढा-बुढ्ढी कॉलोनी में सिर्फ सर्दी-गर्मी की लम्बी छुट्टियों में कुछ रौनक दिखाई देती जब परिवारों के नाती-पोते अन्दर बाहर दौड़ते-खेलते दिखाई देते। वरना यहॉ चहल-पहल के नाम पर सिर्फ सब्जी वालों के या रद्दी खरीदने वाले कबाड़ियों के ठेले घूमते नजर आते। बच्चों को सुरक्षित भविष्य के लिए तैयार कर हर घर परिवार के माँ-बाप खुद एकदम असुरक्षित जीवन जी रहे थे।

घ) सिद्धार्थ ने माँ को धीरज बँधाया, "हम सब तो आज लुट गए ममा। लोग बता रहे हैं मेरे आने तक डैडी को रखा नहीं जा सकता। आप ऐसा कीजिए, इस काम के लिए किसी को बेटा बनाकर दांह-संस्कार करवाइए। मेरे लिए तेरह दिन रुकना मुश्किल होगा। आप सब काम पूरे करवा लीजिए। मजबूरी है ममा, मेरा दिल भी रो रहा है। मै आपकी मुसीबत समझ रहा हूँ।

अथवा

समूह 'ख'

च) अंकुर के पैदा होने के बाद राजुल ने त्यागपत्र दे दिया। पर तब से वह पति के प्रति बड़ी सतर्क और सन्देहशील हो गई थी। उसे लगता था अभिषेक उतना व्यस्त नहीं जितना वह नाट्य करता है। फिर विज्ञापन कम्पनी की दुनिया परिवर्तन और आकर्षण से भरपूर थी। रोज नई-नई लड़कियाँ मॉडल बनने का सपना आँखों में लिए हुए कम्पनी के द्वार खटखटातीं। उनके शोषण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।

छ) उसने अपने आने की खबर बेटे को नहीं की थी। मन में उसे विस्मित करने का उत्साह था। साथ ही यह भी कि उसे परेशान न होना पड़े। अहमदाबाद से राजकोट की बस यात्रा उसे भारी पड़ी। तेज रफ्तार के बावजूद तीन घंटे सहज ही लग गए। डायरी में लिखे पते पर जब वह स्कूटर से पहुँची शाम के छह बज चुके थे।

ज) अकेलेपन के साथ सबसे जानलेवा होते हैं उदासी और पराजय बोध! वे दोनों सुबह की सैर पर जाते। इंजीनियरिंग कॉलेज के अहाते की साफ हवा कुछ देर तो चित्र प्रफुल्लित करती कि कॉलोनी का कोई न कोई परिचित दिख जाता। बात स्वास्थ्य और मौसम से होती हुई अनिवार्यता बच्चों पर आ जाती।

झ) इस आकस्मिक घटना ने सबके लिए सबक का काम किया। सभी ने अपने वसीयतनामें संभाले और बैंक खातों के ब्यौरे। क्या पता कब किसका बुलावा आ जाए। अलमारी में दो-चार हजार रुपये रखना जरुरी समझा गया।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **15**

1) आदिकाल की प्रवृत्तियाॅ लिखिए।

2) पृथ्वीराज रासो का परिचय दीजिए।

3) रासो शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए।

4) आदिकाल के प्रतिनिधी रचनाकारों के नाम लिखकर किन्ही दो रचनाकारों की रचनाओं के नाम लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **15**

1) गुरुनानक देव का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2) रैदास का परिचय लिखिए।

3) अमीर खुसरों की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

4) बिहारीजी का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के अतिसंक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) मलिक मुहम्मद जायसी की प्रसिध्द रचना का नाम लिखिए।

2) आदिकाल की चार विशेषताएँ लिखिए।

3) स्टैला का परिचय दीजिए।

4) पवन ने कौनसी डिग्री (शिक्षा) प्राप्त की थी?

5) भारतीय बाजार को किसने शक्तिशाली बनाया?

****